# नाराज कलेक्टर ने बैठक से किया दो बीएमओ को बाहर

## समय-सीमा की बैठक में अनमोल एप की जानकारी नहीं होने पर कलेक्टर अप्रसन्न

नवभारत न्यूज

**मैहर,23 जून. कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने समय सीमा की बैठक में कुपोषण के मसले पर अधिकारियों से जानकारी चाही जिस पर अनमोल एप के मसले पर जिले के दो ब्लाकों के स्वास्थ्य अधिकारी जानकारी देने में असमर्थ रहे. जिस पर नाराज कलेक्टर ने उन्हें बैठक से बाहर कर दिया.**

उन्होंने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को जिला विकास पुस्तिका तैयार करने के संबंध में आवश्यक जानकारी और फोटोग्राफ्स अतिशीघ्र प्रस्तुत करने को कहा है। जिससे 30 जून तक फाइनल ड्राफ्ट

तैयार किया जा सके। मंगलवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्री, जल गंगा संवर्धन अभियान, कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, सुशासन और कानून व्यवस्था सहित विभागीय समन्वय के मुद्दों पर चर्चा की। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में मैहर जिला का स्थान निचले पायदान पर है। एसडीएम और तहसीलदार प्रतिदिन फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा करें। राजस्व अधिकारियों को उन्होंने मूंग और उड़द की जायद फसलों का सत्यापन करने तथा ई-विकास पोर्टल के किसानों का भी सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। बरसात के पहले जीर्ण-शीर्ण भवनों की डिसमेंटल सहित प्रबंधन करने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश के साथ ही कलेक्टर ने कहा जीर्ण-शीर्ण भवनों के निस्तारण का प्रोटोकाल बना हुआ है। उसका पालन करें। समग्र के-वायसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले का औसत 74.81 प्रतिशत है। इसे शत-प्रतिशत पूर्ण कराये।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर एसडीएम दिव्या पटेल, एसपी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल, सीईओ जनपद अशोक तिवारी, वेदमणि मिश्रा, भारती दीक्षित, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री, डीपीओ राजेन्द्र बांगरे, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री श्वेतांक चौरसिया, जिला आबकारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ऊराव सहित जिला स्तर के अधिकारी, विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# चलती ट्रेन में गूंजी किलकारी

## मैहर रेलवे स्टेशन पर उतारकर पहुंचाया गया सिविल अस्पताल

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. चलती ट्रेन में महिला को अचानक शुरु हुई प्रसव पीड़ा से उसके पति समेत अन्य सहयात्री भी काफी तनाव में आ गए. लेकिन यह तनाव उस वक्त खुशियों में बदल गया जब ट्रेन में ही महिला को प्रसव हो गया और नवजात की किलकारी गूंजने लगी. जैसे ही ट्रेन मैहर रेलवे स्टेशन पर पहुंची वैसे ही महिला और नवजात को उतारकर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर दोनों को स्वस्थ्य बताया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार के सीतामढ़ी जिले के ग्राम पुनौरा निवासी मोहम्मद इशाक मंसूरी अपनी गर्भवती पत्नी फिरोजी खातून के साथ ट्रेन क्र. 15232 में सवार होकर गोंदिया से मुजफ्फरपुर की यात्रा कर रहे थे. ट्रेन जैसे ही कटनी से आगे बढ़ी तो फिरोजी को प्रसव पीड़ा शुरु हो गई, जो कि बीतते समय के साथ और बढ़ने लगी. यह देख पति मो. इशाक सहित कोच में सवार अन्य सहयात्री भी बुरी तरह घबरा गए. बढ़ते दर्द को देखते हुए मो. इशाक ने रेलवे हेल्पलाइन 139 पर कॉल कर घटना की जानकारी दे दी. कंट्रोल रुम के जरिए यह जानकारी

फौरन मैहर रेलवे स्टेशन पर पहुंचा दी गई.

मामले की गंभीरता को देखते हुए मैहर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक प्राण मोहन मिश्र, आरपीएफ उनि अरविंद सिंह, आरक्षक रामानुज, भागुराम और महिला सफाई कर्मी श्रीमती लक्ष्मी व पंचवटी ने बिना देरी किए रेलवे स्टेशन पर आवश्यक प्रबंध कर लिए. ट्रेन जैसे ही ममैहर रेलवे स्टेशन पहुंची वैसे ही स्टाफ उक्त कोच में पहुंच गया. लेकिन वहां पहुंचने पर मालुम हुआ कि मैहर पहुंचने से लगभग 10 मिनट पहले ही महिला को प्रसव हो गया. लिहाजा आनन-फानन में जच्चा-बच्चा को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया.

### यात्रियों में छाई खुशी

सिविल अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक डॉ. विनय मोहन तिवारी और नर्स श्रीमती नीतू तिवारी द्वारा फौरन ही जच्चा-बच्चा को भर्ती कर उपचार शुरु किया गया. जिसके कुछ समय बाद ही चिकित्सक द्वारा बताया गया कि जच्चा-बच्चा दोनों ही सुरक्षित व स्वस्थ्य हैं. यह जानकारी फोन के जरिए जैसे ही ट्रेन के सहयात्रियों के बीच पहुंची उनके बीच खुशी की लहर दौड़ गई.

# प्रदूषित जल से सब्जियों की सिंचाई पर तत्काल प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. लोक स्वास्थ्य को गंभीर खतरे को देखते हुए प्रशासन ने एक बड़ा और कड़ा कदम उठाया है.**

रघुराजनगर अनुभाग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नाला,गहरा नाला और अन्य अपशिष्ट जल स्त्रोतों के पानी से किसी भी प्रकार की सब्जियों एवं खाद्य फसलों की सिंचाई को तत्काल प्रभाव से पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया गया है. आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी किया गया है, जो आगामी 60 दिनों की अवधि के लिए अथवा न्यायालय द्वारा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा. आदेश के अनुसार केवल सिंचाई ही नहीं,बल्कि सीवेज और अपशिष्ट जल से उगाई गई फसलों व सब्जियों के परिवहन, भंडारण, विक्रय, प्रदर्शन अथवा किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गई है. प्रशासन का यह सख्त फैसला मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी प्रतिवेदन तथा प्रयोगशाला विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है. जांच रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि उक्त नालों के जल में रोगजनक सूक्ष्मजीव, कोलीफॉर्म बैक्टीरिया और घातक भारी धातुएँ अत्यधिक मात्रा में मौजूद हैं. डॉक्टरों और विशेषज्ञों के मुताबिक, इस प्रदूषित जल से सिंचित सब्जियों के सेवन से कैंसर, जलजनित महामारियाँ और पेट व लीवर से जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियों का सीधा खतरा उत्पन्न हो गया है. प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रभावित क्षेत्र के कृषकों की व्यक्तिगत पहचान कर उन्हें अलग से नोटिस देना इस आपातकालीन स्थिति में व्यावहारिक नहीं था, इसलिए लोक स्वास्थ्य और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह आदेश एकतरफा रूप से पारित किया गया है.

### सुशासन की दिशा में बड़ा कदम

**सतना 23 जून.** मध्यप्रदेश सरकार ने डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को साकार करते हुए एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से नागरिक सेवाओं की डिलीवरी को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बना दिया है। यह पोर्टल और मोबाइल एप राज्य के विभिन्न विभागों, संस्थानों और संगठनों की सेवाओं को एकीकृत कर नागरिकों को एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है।

# आरओबी की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

## सांसद ने तय किया साल के आखिर तक काम पूरा हो

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. शहर के मुख्तियारगंज में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज ( आरओबी ) के कार्य की प्रगति और निर्माण में आ रही बाधाओं को लेकर सांसद गणेश सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।**

बैठक में ब्रिज निर्माण की धीमी गति, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद सांसद गणेश सिंह अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल पहुंचे और मौके का निरीक्षण कर कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही सभी बाधाओं को शीघ्र दूर करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूर्ण करने की समयसीमा भी निर्धारित की। समीक्षा के दौरान यह मुद्दा भी सामने आया कि कुछ प्रभावित रहवासियों को अब तक मुआवजे का भुगतान नहीं हो सका है। इस पर सांसद ने भू-अर्जन अधिकारी को

तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर मुआवजा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में रेलवे हिस्से में निर्माण कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर भी चिंता व्यक्त की गई। सांसद ने अधिकारियों से इस हिस्से में कार्य की रफ्तार बढ़ाने और निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने को कहा। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीणा, एसडीएम राहुल सिलाडिया, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, रेलवे एईएन राशिद, विद्युत मंडल के डीई मृगेंद्र सिंह, ब्रिज विभाग के कार्यपालन यंत्री, आरआई योगेश तिवारी, निविदाकार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ईएनसी से की चर्चा

इस दौरान एक महत्वपूर्ण विषय यह भी सामने आया कि निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत राशि में से मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, जिसके कारण विभाग ने अतिरिक्त राशि की मांग शासन स्तर पर भेजी है, लेकिन अब तक राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में सांसद गणेश सिंह ने भोपाल स्थित विभाग के ईएनसी आर.एल. वर्मा से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले को शासन स्तर पर उठाकर आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

# मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में बोली बंद, व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. कृषि उपज मंडी में मंगलवार को गल्ला और तिलहन की नीलामी पूरी तरह बंद रही। मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के आह्वान पर व्यापारियों ने खरीदी कार्य का बहिष्कार किया और सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की।**

गल्ला तिलहन व्यापारी संघ, सतना के नेतृत्व में मंगलवार को कृषि उपज मंडी में विरोध प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के चलते मंडी परिसर में किसी भी प्रकार

की बोली या खरीदी नहीं हुई, जिससे दिनभर व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित रहीं।

व्यापारी संघ का कहना है कि मंडी शुल्क में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उनका तर्क है कि पहले से बढ़ती परिवहन लागत, श्रम व्यय, संचालन खर्च और बाजार की प्रतिस्पर्धा के बीच यह फैसला व्यापार को और कठिन बना देगा। संघ के अनुसार बढ़ी हुई लागत का असर अंत में कृषि उपज के दामों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है, जिससे महंगाई बढ़ने की आशंका है। व्यापारियों ने यह भी चिंता जताई कि अधिक शुल्क लागू होने से कुछ लोग शुल्क से बचने के लिए अनधिकृत तरीकों या चोरी की प्रवृत्ति अपना सकते हैं, जिससे शासन के राजस्व को नुकसान पहुंच सकता है और नियमों का पालन करने वाले व्यापारियों को असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

गल्ला तिलहन व्यापारी संघ ने प्रदेश सरकार से मंडी शुल्क वृद्धि के निर्णय को वापस लेने या उस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। संघ का कहना है कि इससे व्यापार सुचारु रूप से संचालित होगा, किसानों और व्यापारियों के हित सुरक्षित रहेंगे तथा आम जनता पर अतिरिक्त महंगाई का बोझ नहीं पड़ेगा। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार जनहित, किसान हित और व्यापारी हित को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेगी।

# तस्करी का खुलेआम खेल, शहर में खप रही यूपी की शराब

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश में हो रही अवैध शराब की तस्करी का मामला अब पूरी तरह तूल पकड़ता जा रहा है.**

पिछले दिनों उमा रिजॉर्ट होटल हुई कार्यवाही में यूपी कि शराब पकड़कर विभाग ने प्रकरण दर्ज किया था.वहीं सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और चौकसी के दावों की पोल खोल कर रख दी है.यूपी की शराब का धड़ल्ले से एमपी में आना आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े कर रहा है। इस पूरे अवैध खेल ने न केवल राज्य सरकार के राजस्व को भारी चपत लगाई है, बल्कि दोनों राज्यों की सीमाओं पर मुस्तैद आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है।

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमाओं पर भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर यह अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है. बता दें कि यूपी में शराब के दाम मध्य प्रदेश की तुलना में काफी कम हैं, इसलिए अंतरराज्यीय तस्कर यहाँ मुनाफा कमाने के लिए सक्रिय हैं. मुख्य चेकपोस्टों पर भारी चेकिंग से बचने के लिए तस्करों ने अब नए पैंतरे अपना लिए हैं.उन्होंने मुख्य रास्तों को छोड़कर ग्रामीण रास्तों और खेतों के बीच से निकलने वाली पगडंडियों के जरिए एमपी में एंट्री करने का नया तरीका निकाल लिया है .यूपी से लाई गई इस शराब को सीधे बाजार में उतारने के बजाय स्थानीय पेडलर्स के जरिए ढाबों,दुकानों और अवैध अहातों तक आसानी से पहुंचा दिया जाता है जो खुले आम बिक रही हैं

### एक नजर में

#### ननि की जन सुनवाई में पहुंचीं आधा सैकड़ा शिकायतें

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर योगेश कुमार ताम्रकार महापौर एवं अरविन्द प्रताप सिंह स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। जन-सुनवाई में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए।

#### संजय अग्रवाल ने किया रक्तदान

**सतना।** रक्तदान महादान की भावना को साकार करते हुए चैंबर कार्यकारिणी

सदस्य एवं भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल 6चांदी8 ने रक्त प्रेरक एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी के अनुरोध पर स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के समक्ष प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्त आप और हम ही दे सकते हैं रक्त का कोई और विकल्प नहीं है तथा एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन में आशा की किरण बन सकता है।

#### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 175 समस्याएं

**सतना.** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 175 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

### महापौर ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

**सतना, 23 जून.** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शहर के समग्र विकास एवं जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को महापौर कक्ष में नगर निगम के इंजीनियरों के साथ विभिन्न विकास कार्यों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में शहर में संचालित विकास कार्यों की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों एवं इंजीनियरों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं तय समय सीमा में पूर्ण किए जाएं।

# 13 गांवों में भेजे गए एकेएस विश्वविद्यालय के कृषि विद्यार्थी

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. नैक एक्रेडिटेड एवं यूजीसी से मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के कृषि संकाय के सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों का ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव ( आरएडब्ल्यूई ) कार्यक्रम के अंतर्गत सतना जिले के 13 गांवों में विलेज प्लेसमेंट किया गया।**

कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राएं निर्धारित अवधि तक गांवों में रहकर किसानों के साथ कार्य करेंगे और कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास तथा कृषि प्रसार गतिविधियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। आरएडब्ल्यूई कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवन, कृषि क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों तथा किसानों की समस्याओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं कृषि संबंधी वैज्ञानिक तकनीकों, नवाचारों और शासकीय योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने का कार्य भी करेंगे। साथ ही वे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर कृषि उत्पादन और आजीविका सुधार से जुड़े विषयों पर किसानों के साथ संवाद स्थापित करेंगे।

# सतना शहर में कांग्रेस की 05 वार्ड कमेटियों का हुआ भौतिक सत्यापन

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. आज जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व में वार्ड कमेटियों के भौतिक सत्यापन हेतु महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया।**

यह संपूर्ण भौतिक सत्यापन सतना विधानसभा संगठन प्रभारी आनंद शुक्ला द्वारा जिला अध्यक्ष सतना शहर आरिफ इकबाल सिद्दीकी एवं प्रवक्ता अमित गोयल की उपस्थिति में की गई। जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर के प्रवक्ता अमित गोयल ने जानकारी दी की सत्यापन प्रक्रिया के तहत सतना शहर के हनुमान नगर, नई बस्ती ब्लॉक तथा शहर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 7, 8, 9, 11 और 12 की वार्ड कमेटियों की समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं की सक्रियता परखने के साथ-साथ संगठन को बूथ स्तर पर अभेद्य बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। शहर उपाध्यक्ष जे.पी. कुशवाहा, नई बस्ती ब्लॉक अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने विधानसभा प्रभारी से कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। सत्यापन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी, विधानसभा संगठन प्रभारी आनंद शुक्ला एवं प्रवक्ता अमित गोयल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जिसमें उन्होंने मंडलम, वार्ड एवं बूथ स्तर की कमेटियों का महत्व बताया। जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी = इन कमेटियों का मजबूत होना सीधे तौर पर जनता से जुड़ाव को तय करता है। हम केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर एक जीवंत और सक्रिय संगठन खड़ा कर रहे हैं जो हर नागरिक के सुख-दुख में साथ खड़ा रहेगा।

# भाजपा ने बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 जून. भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला संगठनके मार्गदर्शन मे जिले के सभी मण्डलो के बूथो पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धान्जलि अर्पित की गई।**

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने रामपुर बाघेलान के शक्ति केन्द्र वार्ड 13 मे पहुचकर कार्यक्रम मे हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय करी अध्यक्षता

एवं विनोद यादव, संजय तीर्थवनी, ममता पाण्डेय, विमला पाण्डेय, जयप्रताप गुप्ता की विशेष मौजूदगी मे भाजपा कार्यालय मे एक विचारगोष्ठी का आयोजन कर जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारो एवं सिद्धान्तो पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओ द्वारा प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रबल श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री जयप्रताप गुप्ता ने किया।

**इस मौके पर ये रहे उपस्थिति** - प्रहलाद कुशवाहा, दीपक बलेचा, बालेन्द्र गौतम, रामपाल यादव, अतुल शुक्ला, वसुन्धरा सिंह, हरीश अग्रवाल, सुनील सेनानी, ध्रुव वीर विक्रम सिंह, मनीषा सिंह, रावेन्द्र सिंह, रमेश तिवारी, राजनारायण तिवारी, राजेश द्विवेदी, जान्हवी त्रिपाठी, गौरव प्रताप सिंह, अरविन्द सिंह, राजकुमार सिंह, दीपेन्द्रनाथ त्रिपाठी, प्रियंक त्रिपाठी, पवन पाण्डेय रहे.